भामाशाह टेक्नो हब का उद्घाटन

नए उद्यमियों को मिलेगा प्रोत्साहन: राजे

कंचन केसरी

जयपुर/कासं। मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा प्रदेश में विभिन्न सेवाओं में डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देकर ऐसा वातावरण तैयार किया गया है, जिसमें नए उद्यमियों को आगे बढ़ने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलने के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि हम युवाओं को तकनीक के उभरते क्षेत्रों में सशक्त बनाकर नए राजस्थान का निर्माण कर रहे हैं। राजे गुरूवार को झालाना औद्योगिक क्षेत्र में भामाशाह टेक्नो हब के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह देश का सबसे बड़ा एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी से सुसज्जित सेन्टर है, जहां लगभग 700 उद्यमी एक साथ बैठकर अपने व्यापार को आगे बढ़ाने का काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां उद्यमियों को स्टार्टअप को नई संभावनाओं की राह दिखाई जाएगी और तकनीकी सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष पहले युवाओं और उद्यमियों को प्रदेश में सेवाओं के डिजिटल समाधान सहित विभिन्न उद्यमों की स्थापना के लिए आई-स्टार्ट के रूप में एक सुविधा प्रदान की थी, जहां अब तक एक हजार से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं।